Con. 3969(a)-08.

PN-1653

(REVISED COURSE)

(3 Hours)

[Total Marks : 100

सूचना : (१) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
(२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक / उप प्रश्न क्रमांक **अवश्य** लिखें ।
(३) **आई.डी.ई. (पत्राचार)** के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर **आई.डी.ई. (पत्राचार) अवश्य** लिखें।

१. हिन्दी साहित्य का काल विभाजन करते हुए उसके नामकरण पर प्रकाश डालिए। २०

अथवा

वीरगाथा काव्य की प्रवृत्तियों का सामान्य परिचय दीजिए।

२. भक्तिकालीन सन्त काव्य की विशेषताएँ बताइए। २०

अथवा

कृष्ण भक्तिकाव्य की सामान्य प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए।

३. रीतिबध्द काव्य की प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए। २०

अथवा

रीतिमुक्त काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

४. नई कविता की प्रवृत्तियाँ स्पष्ट कीजिए। २०

अथवा

हिन्दी उपन्यास साहित्य का क्रमिक विकास लिखें।

५. (क) किसी **एक** विषय पर टिप्पणी लिखिए :— १०
(१) लौकिक साहित्य । (२) भारतेन्दु युगीन काव्य की विशेषताएं ।

(ख) **सभी** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- १०
(१) हिन्दी साहित्य के आरंभिक युग को 'आदिकाल' के नाम से किसने अभिहित किया है ?
(२) "मधुमालती" के रचनाकार कौन हैं ?
(३) कृष्णभक्ति परम्परा में "सखी सम्प्रदाय" के प्रवर्तक कौन थे ?
(४) बिहारी किस काव्यधारा के कवि हैं ?
(५) "आत्मनेपद" के रचनाकार का नाम लिखिए ?
(६) "बीसलदेव रासो" के कवि का नाम लिखिए ।
(अ) जगनिक (ब) चंदबरदाई (क) नरपति नाल्ह (ड) दलपत विजय ।
(७) "साहित्य लहरी" के रचयिता कौन हैं ?
(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (क) मतिराम (ड) केशवदास ।
(८) प्रयोगवादी काव्यधारा का प्रारंभ किस पुस्तक के प्रकाशन से माना जाता है ?
(अ) तार सप्तक (क) तीसरा सप्तक
(ब) दूसरा सप्तक (ड) चौथा सप्तक ।
(९) "समांतर कहानी" के प्रवर्तक कौन हैं ?
(अ) राजेन्द्र यादव (क) कमलेश्वर
(ब) प्रेमचंद (ड) मोहन राकेश ।